मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय : बेनीतो हुआरेज़ मार्ग : नई दिल्ली–110021

दिनांकः 11.11.2016

सूचना

महाविद्यालय के सभी सदस्यों (टीचिंग एवं नॉन टीचिंग) छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 9 सितम्बर, 2016 को हुए दिल्ली विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी संघ के चुनाव के लिए महाविद्यालय से सेन्ट्रल काउंसलर के पद हेतु नामांकन दाखिल करने वालों में से एक विद्यार्थी जिसका नाम मोहित लाल, संस्कृत (ऑनर्स) प्रथम वर्ष का छात्र था। इसके चुनाव जितने के पश्चात यह पता चला कि इस पद पर संस्कृत (ऑनर्स) के मोहित लाल की जगह महाविद्यालय के बी.ए. प्रोग्राम का एक छात्र जिसका नाम भी मोहित है इस पद पर आसीन हुआ है। इसके बारे में जब संस्कृत (ऑनर्स) के विद्यार्थी मोहित लाल से पूछताछ की गई तो उसने एक लिखित पत्र दिनांक 10.11.2016 में बताया कि यह कार्य मुझ पर दबाव बनाकर किया गया। इसी विषय पर जब बी.ए. प्रोग्राम के विद्यार्थी मोहित से पूछा गया तो उसने भी लिखित पत्र दिनांक 29.10.2016 में कहा कि मैंने चुनाव के लिए मोहित लाल, संस्कृत (ऑनर्स) के विद्यार्थी के कागजात पर इलैक्शन लड़ा और अभी तक मैं ही सेन्ट्रल काउंसलर के रूप में कार्य कर रहा हूँ तथा इसी विद्यार्थी ने विश्वविद्यालय में भी अपनी फोटो लगाकर सेन्ट्रल काउंसलर के इलैक्शन के लिए भेजा।

महाविद्यालय की स्टॉफ काउंसिल ने उपरोक्त विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए यह निर्णय लिया कि महाविद्यालय के छात्र संघ के सेन्ट्रल काउंसलर के एक पद जिस पर मोहित लाल आसीन हैं को तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

कार्यवाहक प्राचार्य

प्रतिलिपिः

1. महाविद्यालय वेबसाइट
2. छात्र/छात्रा सूचना पट्ट
3. स्टॉफ कक्ष सूचना पट्ट।